23/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर में जांग एवं दिरांग के गोवा बूढ़ा, एक्स-सर्विसमैन और किसानों से मुलाकात की। राज्यपाल ने इन सभी के दौरे के आयोजन के लिए भारतीय सेना की सराहना की और कहा कि इस तरह की शानदार पहल से सशस्त्र बलों और स्थानीय लोगों के बीच आपसी संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वे दौरे के अनुभवों को अन्य ग्रामीणों के साथ साझा करें और अपनी धार्मिक जीवंतता को बनाए रखें। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें गांव के स्तर पर शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छता और विशेष रूप से वेस्ट मैंनेजमेंट को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल वेस्ट सियांग जिले के हिगी बागरा गांव में अरुणाचल पाइनैपल फेस्टिवल 2.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश में अनानस उत्पादन का केंद्र बागरा है और अकेले वेस्ट सियांग जिले से ही सालाना लगभग 9,000 मीट्रिक टन का उत्पादन करता है। उपमुख्यमंत्री ने ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया जिससे कृषि क्षेत्र को भी लाभ होता है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से हमें क्षेत्र की कृषि उपज, संस्कृति एवं खान-पान के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देना चाहिए।

श्री मेन ने बताया कि, इस क्षेत्र में अनानस की खेती में 265 किसान लगे हुए हैं, साथ ही यह क्षेत्र अपने संतरों के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने बागरा अनानस जैसे उत्पादों के लिए जीआई रेजिस्ट्रेशन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि राज्य में पहले से ही अरुणाचल संतरा सहित कई जीआई-टैग वाले उत्पाद मौजूद हैं।

0000000000000000000

विधायक वांगलाम साविन ने कल खोंसा में चल रही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया। इस अवसर पर तिराप उपायुक्त तेचू आरान और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें। विधायक ने आम जनता और सरकारी कर्मचारियों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए शहर की सड़कों और बुनियादी ढाँचे को विकसित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों से विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान सरकार और निष्पादन एजेंसियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। विधायक ने काम की गुणवत्ता बनाए रखने और परियोजना को पूरा करने के लिए निर्दिष्ट समयसीमा का पालन करने के महत्व पर भी जोर दिया।

0000000000000000000

गत बुधवार को दोईमुख के इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड डिपो में भूकंप पर जिला स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 12वीं बटालियन, होलोंगी के सहयोग से किया।

अभ्यास में 7.0 तीव्रता के भूकंप का डेमो दिया गया, जिसके कारण कई आवासीय इमारतें ढह गईं, कई जगह आग लग गई और डिपो में स्टोरेज टैंक से ऑयल लीक हुआ। अभ्यास का उद्देश्य हितधारकों की तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं का आकलन करना, प्रभावित क्षेत्रों से कर्मियों को निकालने में सुविधा प्रदान करना, लोगों के बीच प्रभावी संचार और समन्वय सुनिश्चित करना और भूकंप की स्थिति के दौरान आपातकालीन सेवाओं की कुशल तैनाती को सक्षम बनाना था।

0000000000000000000

वेस्ट कामेंग जिले के बोमडिला स्थित सेंटर पॉइंट, में कल नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बढ़ते खतरे से निपटने के प्रयास में, जिले के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के सेवन के खतरों और नशा मुक्त समाज के महत्व के बारे में जनता को शिक्षित और जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी ग्रूप, बोमडिला द्वारा एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसके तहत एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज के निर्माण में लोगों एवं समुदायों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में समुदाय के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

0000000000000000000

गत मंगलवार को 32 प्रतिभागियों की एक दल द्वारा जीरो के हारी गांव स्थित **दुसु-कातु ट्रेक** पर पहला ट्रेकिंग अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। **दुसु-कातु** समुद्र तल से 2442.84 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और अपातानी वैली की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है, जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। यह स्थान गोरीचेन चोटी सहित बर्फ से ढकी हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं का एक शानदार दृश्य प्रदान करता है।

0000000000000000000000

नेहरू युवा केंद्र, पासीघाट ने आज जेएन कॉलेज में सप्ताह भर चले सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक समापन किया। ट्राफिक पुलिस विभाग और जेएनसी के एनएसएस इकाई के सहयोग से चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जागरूकता, एवं एजुकेशनल आउटरीच को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर, केंद्र ने अभियान को सफल बनाने में स्वैच्छिक भागीदारी के लिए ट्राफिक पुलिस के सभी अधिकारियों एवं माई भारत स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया है।

00000000000000000000